साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा नुक्कड़ नाटक का हुआ मंचन

जलालाबाद/शाहजहाँपुर (बीएपी संवाद)। क्रिक हील फाउंडेशन, सृजन-एक सोच संस्था व शाहजहांपुर पुलिस की ओर से पूरे जिले मे सायबर सिक्योरिटी विषय पर नुकड नाटको का मंचन हो रहा है।

इसमें लोगो से ऑनलाइन ठगी कैसे की जाती है इसके बारे मे जानकारी दी जा रही है व इससे बचाव हेतु सभी को जागरूक किया जा रहा है,

ओटीपी कभी किसी के साथ शेयर न करे, सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम से कम करे, सोशल मीडिया पर अपने फोटो एचडी क्वालिटी के न हो, फेक लिंक फेक मेसेज फेक कॉल कभी न उठाये और बहुत सारे विषय पर इस नुकड नाटक मे जानकारी दी जा रही है।

ये नुकड नाटक शाहजहांपुर जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, मंदिर, बाजार और चौराहो पर किये जा रहे है, इसमे नाटक प्रस्तुत करने बाली टीम के कलाकार मुम्बई से योगेश शेट्ये, अमोल आगलावे, निलेश माने, कृष्णा नवले, गौरव निमकर, कृष्णा सकपाल आदि है जो नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूक कर रहे है।

सृजन एक सोच के आईटी डायरेक्टर प्रसाद शंभू ने बताया कि आज के इस डिजिटल युग मे डिजिटल साक्षरता व जागरूकता अति आवश्यक है लोगो को डिजिटल लेन-देन व इनके लाभ हानि के बारे में पूरी समझ व सावधानी बरतने की जागरूकता हो इसके लिए हमारी संस्था ने क्रिक हील फाउंडेशन व शाहजहांपुर पुलिस के सहयोग से पूरे जनपद में 200 से अधिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों के मंचन का लक्ष्य रखा है, जिससे ग्रामीणों को इससे बचाया जा सके।

गुलाम गौस मियां आज से

शाहजहाँपुर (बीएपी संवाद)। हजरत गुलाम गौस सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय 44 वाँ सालाना उर्स 19 मई से मनाया जाएगा। उर्स की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

संयोजक/उर्स प्रबन्धक जहीर खां कलीमी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी हजरत गुलाम गौस सैयद दादा मियां का 44 वां सालाना उर्स 19 से 21 मई को